Ans. (c) – कुबलयमाला ग्रन्थ की रचना उद्योतन सूरि द्वारा जालौर में रहकर 779ई. में की थी। यह मूल प्राकृत भाषा में रचित ग्रन्थ है, इस ग्रन्थ में 18 देशी भाषाओं का उल्लेख किया गया है। जिसमें पश्चिमी राजस्थान की मरू भाषा का भी उल्लेख मिलता है।

चन्दबरदाई	-	पृथ्वीराजरासो
हरिभद्र सूरि	-	अनेकान्तजयपताका
जी.एच. ओझा	-	उदयपुर राज्य का इतिहास

623. दादू और उनके शिष्यों की रचनाएँ अधिकतर किस भाषा में पाई जाती है?

(a) मेवाती (b) ढूंढ़ाड़ी
(c) मेवाड़ी (d) मारवाड़ी

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (b) – ढूँढाड़ी बोली राजस्थान के मध्यपूर्व एंव पूर्वोत्तर क्षेत्रों, मुख्य रूप से जयपुर, किशनगढ़, अजमेर तथा टोंक के समीपवर्ती क्षेत्रों में बोली जाती है। इस बोली की प्रमुख उपबोलिया हाड़ौती, किशनगढ़ी, राजावटी, चौरासी, नागरचोल आदि प्रमुख है। प्रसिद्ध संत दादू एवं उनके शिष्यों की रचनाएँ अधिकतर ढूँढाड़ी भाषा में रचित है।

624. जोधपुर किले में 'पुस्तक प्रकाश' पुस्तकालय की स्थापना किसने की-

(a) अजीत सिंह (b) तख्त सिंह
(c) मानसिंह (d) जसवंत सिंह

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (c) – जोधपुर किले में 'पुस्तक प्रकाश' पुस्तकालय की स्थापना महाराजा मानसिंह ने की थी। इस पुस्तकालय में संस्कृत, हिन्दी और कुछ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में टीकाओं का संग्रहालय है। सन् 1977 में महाराज मान सिंह पुस्तक प्रकाश को मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट में शामिल किया गया।

625. 'राजविलास' की रचना किसने लिखी थी?

(a) कवि मान
(b) हेम कवि
(c) सूर्यमल्ल मिश्रण
(d) श्यामलदास

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – राजविलास पुस्तक की रचना कवि मान ने की थी। श्यामलदास ने 'वीर विनोद' की और सूर्यमल्ल मिश्रण ने 'वंश भास्कर नामक ग्रंथ की रचना की थी।

626. निम्न में से कविराज श्यामलदास द्वारा रचित महत्त्वपूर्ण कृति कौनसी है?

(a) वीर विनोद (b) वंश-भास्कर
(c) पृथ्वीराज रासो (d) अल्हाखंड

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – 'वीरविनोद' नामक पुस्तक की रचना कविराज श्यामलदास द्वारा की गई थी। इस पुस्तक में मेवाड़ के इतिहास का विवरण है। वंश भास्कर, पृथ्वीराज रासो और आल्हाखण्ड के रचयिता क्रमशः -सूर्य मल्ल मिश्रण, कवि चन्दवरदाई और जगनिक है।

627. निम्नलिखित में किसका लेखक वीरभान था?

(a) वंश भास्कर (b) अभ्युदय
(c) सूरज प्रकाश (d) राज रूपक

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – राज रूपक नामक ग्रंथ की रचना वीरभान द्वारा किया गया था। इस ग्रंथ में जोधपुर के महाराजा अभयसिंह और गुजरात के सूबेदार सरबुलंद खाँ के मध्य युद्ध का वर्णन है।

	ग्रंथ		लेखक
(i)	सूरज प्रकाश	-	करणीदान
(ii)	वंश भास्कर	-	सूर्यमल्ल मिश्रण
(iii)	अभ्युदय	-	नरेन्द्र कोहली

628. 'राव जैतसी रो छन्द' के रचयिता हैं-

(a) बीठू सूजा (b) कन्हैयालाल सेठिया
(c) प्रताप सिंह (d) दुर्गादास

फायर मैन भर्ती परीक्षा - 2021
कनिष्ठ अभ्यिंता (विद्युत/यांत्रिक) -2020
Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (a) – 'राव जैतसी रो छन्द' एक ऐतिहासिक कृति है, जिसकी रचना बीठू सूजा द्वारा की गई थी। डिंगल भाषा में रचित इस ग्रंथ में बीकानेर पर मुगल बादशाह बाबर के पुत्र शहजादा कामरान द्वारा किए गए आक्रमण एवं बीकानेर के शासक राव जैतसी द्वारा उसे हराये जाने का महत्वपूर्ण वर्णन मिलता है। बीकानेर में राजस्थानी साहित्य की शुरूआत बीठू सूजा के 'राव जैतसी रो' से ही आरंभ मानी जाती है।

629. 'अर्ली चौहान डायनेस्टिज' लिखा है-

(a) गौरीशंकर ओझा (b) गोपीनाथ शर्मा
(c) नारायण सिंह (d) दशरथ शर्मा

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (d) – 'अली-चौहान डायनेस्टिज' के लेखक डॉ. दशरथ शर्मा है। डॉ. दशरथ शर्मा राजस्थान क्षेत्र के इतिहास पर लिखने वाले जाने-माने विद्वान थे। दशरथ शर्मा का जन्म वर्ष 1903 में राजस्थान के चुरु में हुआ था।

630. जयपुर का कौन सा शासक कविताओं में अपना उपनाम ब्रजनिधि लिखते थे?

(a) सवाई जयसिंह (b) सवाई प्रतापसिंह
(c) सवाई पृथ्वीसिंह (d) ईश्वरीसिंह

LDC Exam 09.09.2018

Ans. (b) – जयपुर के शासक सवाई प्रताप सिंह ने 'ब्रजनिधि' उपनाम से कविताओं की रचना की। इन्होंने 1799 ई. में जयपुर में हवामहल का निर्माण करवाया जो पाँच मंजिला है। इसका वास्तुकार लालचंद था। महाराजा प्रताप सिंह कृष्ण के भक्त थे तथा हवामहल भगवान कृष्ण को ही समर्पित है। इसलिए इसकी बाहरी आकृति कृष्ण के मुकुट जैसी है।

631. 'एकलिंगमहात्म्य' किस भाषा में लिखा गया है?

(a) ब्रज (b) संस्कृत
(c) राजस्थानी (d) मेवाड़ी

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – 'एकलिंगमहात्म्य' को कान्हा व्यास ने संस्कृत भाषा में लिखा था। एकलिंगमहात्म्य राजस्थान के इतिहास को उजागर करने वाली एक पुस्तक है। यह पुस्तक 15वीं शताब्दी के समाज व संस्कृति का विवरण देती है। इसमें महाराणा कुंभा के शासनकाल का सुन्दर वर्णन है। इसमें चित्तौड़ और एकलिंगजी मंदिर का वर्णन है। 'कान्हा व्यास' महाराजा कुंभा का दरबारी कवि था।

632. 'संत गुण सागर' व 'नाम-माला' किस सन्त द्वारा रचित है?

(a) धन्ना (b) दादू
(c) पीपा (d) मीरा

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018